राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चत्तर माध्यमिक पाठ्यक्रम - राजनीति विज्ञान
पाठ 10 : संघीय कार्यपालिका
कार्यपत्रक –10

Q.1 "भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है" इस कथन के आलोक में निम्नलिखित की व्याख्या करिए:

ए) केंद्र सरकार का गठन एवं उसकी भूमिका।

बी) राज्य सरकार का गठन और यह कैसे काम करता है।

Q.2 कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के संदर्भ में शक्तियों के बटवारे की उपयोगिता पर अपने विचार लिखिए।

Q.3 "राष्ट्रपति को भारतीय राज्य का प्रमुख माना जाता है" उपरोक्त कथन के संदर्भ में निम्नलिखित पर संक्षिप्त लेख लिखिए:

(ए) राष्ट्रपति की चुनाव प्रक्रिया

(बी) राष्ट्रपति के लिए आवश्यक योग्यता/पात्रता

Q.4 प्रेस/मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। इस कथन के संदर्भ मे मीडिया पर अपने विचार लिखिए।

Q.5 संविधान द्वारा राष्ट्रपति को प्रदत न्यायिक शक्तियों के महत्व पर अपने विचार लिखिए।

Q.6 राष्ट्रपति भारत का पहला नागरिक है , इस वक्तव्य के संदर्भ में राष्ट्रपति के कार्य और विशेषाधिकारों की व्याख्या करिए।

Q.7 राष्ट्रपति को केवल महाभियोग द्वारा ही हटाया जा सकता है , उपरोक्त कथन के आलोक में कृपया महाभियोग की प्रक्रियापर चर्चा करिए।

Q.8 "उपराष्ट्रपति राज्य सभा के पदेन सभापति होते हैं" इस कथन के संदर्भ में कृपया निम्नलिखित की व्याख्या करिए।

ए) उपराष्ट्रपति की चुनाव प्रक्रिया।

बी) उपराष्ट्रपति के कार्य

Q.9 "राष्ट्रपति राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है लेकिन सरकार का वास्तविक प्रमुख प्रधान मंत्री होता है - कथन के संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

ए) प्रधान मंत्री की नियुक्ति प्रक्रिया

बी) प्रधान मंत्री की शक्ति और कार्य

Q.10 मंत्रिपरिषद के पास अपार शक्तियाँ और अनेक प्रकार की जिम्मेदारियाँ हैं। राष्ट्रपति की सभी कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा किया जाता है। इस कथन के संदर्भ मे मंत्रियों की सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की व्याख्या करिए।